देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित

www.page3news.in

नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 293 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 3 मार्च 2024

विचार–प्रवाह...
संस्कृति और इतिहास से पोशाक भी जुड़ी





मौसम अधिकतम 17.0° न्यूनतम 9.0°

73745.35

2 ताइवान में अमेरिका ने तैनात की सेना

7 अश्विन के पास इतिहास रचने का मौका

# बंगाल में अपराधी तय करते हैं गिरफ्तारी का समय

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)


कोलकाता। लोकसभा चुनाव से पहले बंगाल दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नदिया जिले के कृष्णानगर में जनसभा से पहले वहां सरकारी कार्यक्रम में 15,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इसमें बिजली, रेल और सड़क से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं। संदेशखाली मामले को लेकर भी पीएम मोदी ने ममता सरकार पर हमला बोला। पीएम ने कहा कि अब बंगाल में अपराधी ही अपनी गिरफ्तारी का समय तय करते हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल में अपराध अब चरम पर पहुंच गया है।

मोदी ने कहा कि बंगाल देश के अन्य राज्यों के लिए पूर्वी द्वार का काम करता है। पूर्व में इस द्वार से प्रगति की अपार संभावनाओं का

## संदेशखाली मामले में सीएम ममता पर बरसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### बच्चा-बच्चा कह रहा अबकी बार 400 पार

पीएम मोदी ने कहा कि पहले ऐसे कार्यक्रम विज्ञान भवन में होते थे। मोदी ने दिल्ली को बेगूसराय में ले आया है। एक ही प्रोजेक्ट में इतना निवेश दिखाता है कि भारत बढ़ रहा है। यही पर रोजगार के अवसर बनेंगे। पीएम मेदी ने कहा कि बच्चा बच्चा कह रहा अबकी बार 400 पार। पूर्वी भारत का तेज विकास ही हमारी प्राथमिकता है।



### बंगाल को आत्मनिर्भर बनाएंगे

इस मौके पर पीएम ने कहा कि आजादी के बाद बंगाल का विकास रोका गया। हमारी सरकार ने बंगाल समेत पूर्वी क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है। बंगाल को आत्मनिर्भर व विकसित राज्य बनाना जरूरी है। पीएम ने कहा कि आज बंगाल को विकसित राज्य बनाने के लिए हम एक और कदम उठा रहे हैं। आज मुझे 15,000 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास का सौभाग्य मिला है। बिजली, सड़क, रेल की बेहतर सुविधाएं आपके जीवन को आसान बनाएगी। इन विकास कार्यों से बंगाल के आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

प्रवेश हो सकता है इसलिए हमारी सरकार बंगाल में सड़क मार्ग, रेल मार्ग, वायु मार्ग और जल मार्ग की आधुनिक कनेक्टिविटी के लिए काम कर रही है।

पीएम ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के दृष्टिकोण से रेल बंगाल के गौरवशाली इतिहास का हिस्सा रहा है लेकिन इतिहास की जो बढ़त बंगाल को हासिल थी, आजादी के बाद उसे सही ढंग से आगे नहीं बढ़ाया गया। यही कारण है कि तमाम संभावनाओं के बावजूद बंगाल पीछे छूटता गया। पिछले 10 वर्षों में हमने उस खाई को पाटने के लिए यहां के रेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत जोर दिया है।

इस मौके पर राज्यपाल सीवी आनंद बोस, केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार भी मौजूद रहे।

वहीं पीएम मोदी ने बेगूसराय में कहा कि पुरानी सरकारों की बेरुखी के कारण बरौनी, सिंदरी, गोरखपुर, रामागुंडम के खाद कारखाने बंद पड़ गए थे। आज ये सारे कारखाने यूरिया में भारत की आत्मनिर्भरता की शान बन रहे हैं। इसलिए तो देश कहता है– मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी।

पीएम मोदी ने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि जयमंगलागढ़ मंदिर व नौलखा मंदिर को प्रणाम करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि बेगूसराय की धरती प्रतिभावान की धरती है। किसान व मजदूर को मजबूत किया है। आज फिर बेगूसराय का गौरव लौट रहा है।

### हम अब इधर-उधर नहीं होंगे

औरंगाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार दौरे पर हैं। इस दौरान सबसे पहले पीएम नरेंद्र मोदी औरंगाबाद पहुंचे, जहां मंच से 21 हजार करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं लोकार्पण किया। वहीं, पीएम मोदी को इशारा करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि आप बहुत दिनों बाद आए हैं, हम ही कुछ दिन के लिए गायब हो गए थे। अब आप हमेशा आते रहेंगे। बिहार हर क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। अब आपको आश्वस्त करते हैं कि हम अब इधर–उधर नहीं होंगे। इसके अलावा उन्होंने सभा संबोधित करते हुए कहा कि लाखों की संख्या में आए हैं, मैं सभी का स्वागत करता हूं। आमस–दरभंगा फोरलेन पथ के बनने से नागरिकों को सुविधा मिलेगी। अब पटना से बिहटा आना–जाना आसान हो जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### हजारीबाग छोड़ चले बीजेपी के जयंत सिन्हा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

हजारीबाग। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के पहले हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में बड़ा उलटफेर हुआ है। यहां से दो बार के सांसद और रिकार्ड मतों से जीत हासिल करने वाले सांसद जयंत सिन्हा ने चुनावी राजनीति से किनारा कर लिया है। अब वे हजारीबाग से चुनाव नही लड़ना चाहते हैं। शनिवार दोपहर अचानक एक्स पर ट्वीट कर उन्होंने इसकी जानकारी दी।

### केंद्र ने राज्य और टिपरा मोथा के साथ किया त्रिपक्षीय समझौता

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। राज्य के स्वदेशी लोगों की समस्याओं का स्थायी समाधान लाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में शनिवार को टिपरा मोथा, त्रिपुरा और भारत सरकार के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किया गया। अमित शाह ने कहा कि आज का दिन त्रिपुरा के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है।

# धामी सरकार में रोजगार मेलों के माध्यम से बरस रही नौकरियां

## आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तराखंड में बेरोजगारी दर में आई भारी कमी

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री आवास परिसर में कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग के अंतर्गत लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 27 डिप्टी जेलरों तथा 285 बंदी रक्षकों को नियुक्ति–पत्र वितरित किये। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर पूरे प्रदेश में सेवायोजन विभाग के माध्यम से आयोजित हो रहे रोजगार मेलों के सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं। विगत चार माह में सेवायोजन विभाग राज्य के लगभग साढ़े तीन हजार युवाओं को रोजगार दिलाने में कामयाब रहा है।

राज्य की धामी सरकार का फोकस अधिक से अधिक रोजगार सृजन पर है। सरकारी विभागों के अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी युवाओं को अधिकाधिक रोजगार प्राप्त हो इसके लिए राज्य की धामी सरकार निरंतर प्रयासरत है। धामी सरकार के इन्हीं सब प्रयासों का प्रतिफल है कि राज्य में बेरोजगारी दर में भी ऐतिहासिक गिरावट दर्ज की गई है।

राज्य विधानसभा में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट बताती है कि उत्तराखंड में बेरोजगारी दर में भारी कमी देखने को मिली है। वर्ष 2021– 22 में उत्तराखंड में 8.4 फीसदी बेरोजगारी दर थी, जो 2022–23 में घटकर 4.9 फीसदी रह गई है। इधर, राज्य सेवायोजन विभाग के माध्यम से प्रत्येक जनपद में रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें फार्मा से लेकर सिक्योरिटी, बैंकिंग,सेल्स मार्केटिंग आदि कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

### एक साल में नौकरियों का बनाया रिकॉर्ड

बीते एक साल में यूकेपीएससी के माध्यम से 6635 अफसरों तथा समूह ग के पदों पर 7644 युवाओं को पुलिस दूर संचार, रैंकर्स, आबकारी सिपाही, पशुपालन, रेशम, शहरी विकास, वन विभाग, शिक्षा विभाग में एलटी, कृषि विभाग,पेयजल निगम, विभिन्न विभागों में सहायक लेखाकार, लेखाकार, अनुदेशक, कार्यशाला अनुदेशक, वाहन चालक, सचिवालय रक्षक, मत्स्य विभाग आदि में नौकरी देकर धामी सरकार ने रिकॉर्ड बनाया है। फारेस्ट गार्ड के 2000 से ज्यादा पदों पर भी नियुक्ति की गई।

# बीजेपी ने की उत्तराखंड में तीन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा

संवाददाता

देहरादून। भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया है। उत्तराखंड में पांच लोकसभा सीटों में से तीन सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी गई है। टिहरी से माला राज्यलक्ष्मी शाह, अल्मोड़ा से अजय टम्टा और नैनीताल–उधमसिंहनगर सीट से अजय भट्ट को प्रत्याशी बनाया गया है।

सभी पांचों लोकसभा सीटों में सबसे अधिक 11 दावेदार टिहरी सीट पर थे, जबकि हरिद्वार और अल्मोड़ा सीट पर सबसे कम पांच–पांच दावेदार ही थे। हरिद्वार और गढ़वाल संसदीय पर पेच फंसा हुआ है। सूत्रों की बात मानें तो जल्द इन दोनों सीटों पर प्रत्याशियों के नामों का ऐलान हो सकता है।

**इन सीटों पर यह थे दावेदारः**

**टिहरीः** सुबोध उनियाल, आदित्य कोठारी, नेहा जोशी, मुन्ना सिंह चौहान, कुलदीप कुमार, लाखीराम जोशी, ज्योति प्रसाद गैरोला, मनवीर चौहान, रविंद्र जुगरान, कुंवर जपेंद्र सिंह।

**नैनीतालः** बलराज पासी, अरविंद पांडे, दीप कोश्यारी, दान सिंह रावत, राजेश शुक्ला।

**अल्मोड़ाः** रेखा आर्या, गोपाल राम टम्टा, मीना गंगोला,सज्जन लाल टम्टा।

### ऐलान

- टिहरी से माला राज्यलक्ष्मी शाह, अल्मोड़ा से अजय टम्टा, नैनीताल–उधमसिंहनगर सीट से अजय भटट उम्मीदवार

### इन दो सीटों पर फंसा पेच

**गढ़वालः** मौजूदा सांसद तीरथ रावत, त्रिवेंद्र रावत, अनिल बलूनी, डॉ. धन सिंह रावत, सतपाल महाराज, दीप्ति रावत, आशा नौटियाल, अजेंद्र अजय।

**हरिद्वारः** मौजूदा सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, त्रिवेंद्र रावत, मदन कौशिक, स्वामी यतीश्वरानंद, यतींद्रानंद गिरी।


Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की पहली सूची जारी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 का शंखनाद कर दिया है। पार्टी ने शनिवार को अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि 16 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 195 सीटों के उम्मीदवार तय कर दिए गए हैं। बाकी सीटों पर मंथन चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे। 34 केंद्रीय एवं राज्य मंत्रियों के नाम भी इस सूची में हैं।

विनोद तावड़े ने बताया कि उत्तर प्रदेश की 51, पश्चिम बंगाल की 26, मध्य प्रदेश की 24, गुजरात की 15, राजस्थान की 15, केरल से 12, तेलंगाना से नौ, असम से 11, झारखंड से 11, छत्तीसगढ़ की 11, दिल्ली की पांच, जम्मू–कश्मीर की दो, उत्तराखंड की तीन और अरुणाचल, गोवा, त्रिपुरा, अंडमान–निकोबार और दमन और दीव की एक–एक सीट पर प्रत्याशी तय किए गए हैं।

### प्रधानमंत्री समेत 195 नाम, 28 महिलाओं और ओबीसी वर्ग के 57 नेताओं को मौका

# तालिबानियों के सामने नहीं झुकेंगी अफगानी महिलाएं

## सीक्रेट अंडरग्राउंड स्कूल में पढ़ रही 600 से अधिक लड़कियां

कदम

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। 2021 में तालिबान की सत्ता ने अफगानिस्तान पर कब्जा किया और तब से महिलाओं की जिंदगी बदतर हो गई। बच्चियों के स्कूल न जाने देने से लेकर महिलाओं के कपड़े पहनने के नियम को लेकर कई कठोर कदम उठाए गए है। सबसे पहले, सत्तावादी समूह ने महिला छात्रों को हाई स्कूल में जाने से मना किया। फिर 2021 दिसंबर में बच्चियों के प्राथमिक विद्यालय में जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इन प्रतिबंधों की पश्चिमी सरकारों और दुनिया भर के मानवाधिकार समूहों ने व्यापक निंदा की।

तालिबान के शिक्षा प्रतिबंध के बावजूद 600 से अधिक अफगान महिलाओं और लड़कियों ने इन कट्टरपंथियों के सामने झुकने से इनकार कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, तालिबान की महिलाएं बिना



किसी डर के अपनी पढ़ाई पूरी करने में लगी हुई है। 25 साल की परास्तो द्वारा एसआरएके नामक एक गैर–पंजीकृत एनजीओ चलाया जा रहा है। यह एनजीओ अंडरग्राउंड में है जहां एक सीक्रेट नेटवर्क स्कूल चलाया जा रहा है।

परस्तो ने कहा श्काबुल का पतन हम युवा पीढ़ी के लिए आसान बात नहीं थी, खासकर, जो शिक्षित थे और उनके सपने थे, लेकिन अब सब कुछ खत्म हो गया है। मैंने टीवी पर देखा कि लड़कियां स्कूलों से बाहर आ रही थीं और रो रही थीं और उन्हें अपने घरों में वापस जाने के लिए कहा गया। यह विनाशकारी था। परास्तो ने कहा कि वह घर पर बैठ कर यह सब नहीं देख सकती थी, इसलिए उसने अफगान लड़कियों के लिए गुप्त रूप से पढ़ाई जारी रखने के लिए स्कूलों का एक अंडरग्राउंड स्कूल खोला। शिक्षकों के लिए उन्होंने अपने दोस्तों को शामिल किया। एबीसी से बात करते हुए एक 16 वर्षीय छात्रा ने कहा कि स्कूल जाने से उसे खुशी मिलती है और वह चाहती है कि वह वहां अधिक समय बिता सके।

हालांकि, तालिबान की नजर में यह अंडरग्राउंड स्कूल अवैध हैं। हमेशा शिक्षकों और छात्रों के पकड़े जाने का डर बना रहता है। किसी के घर के अंदर सीक्रेट स्कूल चलाने की भनक तालिबानियों को तब लगी जब उन्होंने घर के मालिक से पूछताछ शुरू की। राहत की बात यह थी जब तालिबानी अधिकारी स्कूल की तलाशी कर रहे थे उस समय कोई भी छात्र या शिक्षक वहां मौजूद नहीं थे।

परास्तो कहती है कि जब भी वह अडंरग्राउंड स्कूल में आती है तो उन्हें डर लगता है। हालांकि, वह यह भी कहती है कि डर के आगे झुकना एक तरीके से मर जाना है। परास्तो ने कहा कि जब तालिबानियों ने घरों की तलाशी शुरू की तो कुछ समय के लिए स्कूल बंद करना पड़ा।

## न्यूज डायरी



### मालदीव की सीमा के पास गरजेंगे राफेल फाइटर जेट

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) माले। चीन के इशारे पर भारत को आंखें दिखा रहे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को अब करारा जवाब मिलने जा रहा है। भारत मालदीव से मात्र 507 किमी दूरी पर बसे लक्षद्वीप के मिनिकोय में अपने एयर और नेवल बेस आईएनएस जटायु का अगले सप्ताह उद्घाटन करने जा रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि भारत का यह नेवल बेस अरब सागर में एक तरह से मालदीव का विकल्प है। लक्षद्वीप में भारतीय नौसैनिक अड्डे का निर्माण पूरा होने का मतलब है कि अब जल्द ही राफेल जैसे भारत के सबसे घातक फाइटर जेट लक्षद्वीप में उतर सकेंगे। यही नहीं भारतीय लड़ाकू विमानों की यह गर्जना मालदीव के मुइज्जू के रास्ते चीन तक सुनाई देगी। इसका असर पूरे पश्चिमी हिंद महासागर में देखा जाएगा। यह वही इलाका है जहां पर चीन के जासूसी जहाज और युद्धपोत पहुंचते रहते हैं और ड्रैगन बहुत तेजी से अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। भारत अगले सप्ताह इस नेवल बेस का उद्घाटन करने जा रहा है जो ठीक उसी समय हो रहा है जब मालदीव से भारतीय सैनिकों का पहला दल वहां से आने वाला है। मुइज्जू के आदेश पर भारतीय सैनिकों को वापस बुलाया जा रहा है। इससे पहले मुइज्जू ने चुनाव प्रचार के दौरान इन सैनिकों के खिलाफ इंडिया आउट कैंपेन चलाया था। मुइज्जू ने कहा कि इसके जरिए वह भारतीय सीमा से सटे मालदीव के इलाके की निगरानी करेंगे।

### रूस की सेना में नरक झेल रहे नेपाली, यूक्रेन से लड़ने पर मिला कर्ज का पहाड़

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) मॉस्को। रूस और यूक्रेन का युद्ध अभी भी चल रहा है। रूस के पास सैनिकों की कमी है। इस कारण वह जहां से भी हो सकता है वहां से सैनिकों को ला रहा है। रूस बड़ी रकम का ऑफर देकर दूसरे देशों से सैनिकों को बुला रहा है। नेपाल के भी कुछ लोग रूसी सेना जॉइन करने गए थे। लेकिन वहां जाकर वह फंस गए। कुछ लोग जो किसी तरह भागकर वापस आए उनके हाथ खाली है। जनवरी की एक बर्फीली रात में खिम बहादुर थापा समेत तीन नेपाली नागरिकों ने रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी शहर बखमुत से भागने का फैसला किया। यह फैसला जान को जोखिम में डालने वाला था। रूस की ओर से लड़ने के लिए इन्हें हर महीने कई सौ अमेरिकी डॉलर दिए जाते थे। लेकिन अगर वह यहां से न भागते तो उनका मरना तय था। दो फीट गहरी बर्फ में उन्होंने रास्ता तय किया, जहां एक एजेंट ने उन्हें 800 किमी दूर मॉस्को छोड़ा। रूसी राजधानी में नेपाल के दूतावास से यात्रा दस्तावेज हासिल करने के बाद वह जनवरी के मध्य में काठमांडू में लौटे। थापा को घर वापस लौटने के लिए लगभग 4 लाख रुपए खर्च करने पड़े, जो उन्होंने उधार मंगाए थे। रूस जाने के लिए भी उन्होंने एजेंट को एक मोटी रकम दी थी। सैकड़ों नेपाली लाखों खर्च कर नेपाल गए थे।

### मुस्लिम देशों ने छोड़ा साथ तो बेचना पड़ा धरती का स्वर्ग

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) काहिरा। भारी भरकम कर्ज से डूबे पिरामिडों के देश मिस्र की सरकार को एक के बाद एक कई शहरों को खाड़ी के अपने साथी मुस्लिम दोस्त देशों को बेचना पड़ रहा है। सऊदी अरब, यूएई, कतर ये वही मुस्लिम देश हैं जिन्होंने मिस्र को कर्ज देने से इंकार कर दिया था। यही वजह है कि मिस्र ने अपने धरती पर स्वर्ग कहे जाने वाले शहर रास अल हिकमा को यूएई को 35 अरब डॉलर में बेच दिया है। यह शहर समुद्र के तट पर बसा है और पर्यटकों का पसंदीदा स्थान है। माना जा रहा है कि इस शहर में अब यूएई विभिन्न प्रॉजेक्ट में 150 अरब डॉलर का निवेश आने वाले समय में करेगा। इसमें 35 फीसदी हिस्सेदारी मिस्र की होगी। यह मिस्र के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा विदेशी निवेश होगा। इसी तरह से मिस्र सऊदी अरब और कतर को भी अपने शहर बेचने जा रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि इस पूरी कवायद का एक बड़ा मकसद मिस्र में राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी की सरकार का खुद को बचाए रखने की कोशिश है। हालांकि, इस सौदे के पीछे के आर्थिक तर्क को लेकर कई चिंताएं भी हैं। कुछ लोगों का मानना है कि यह वास्तविक निवेश के बजाय शासन के लिए एक बचाव पैकेज हो सकता है।

## चीन के हमले का खतरा, ताइवान में अमेरिका ने तैनात की सेना

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) ताइपे। रूस–यूक्रेन युद्ध के बाद दुनिया में ताइवान को लेकर युद्ध का सबसे ज्यादा खतरा है। इस बीच ताइवान में अमेरिका ने अपने सैनिकों की तैनाती कर दी है। ताइवान के यूनाइटेड डेली न्यूज के मुताबिक अमेरिकी विशेष बल के सैनिक स्थायी रूप से ताइवान में तैनात रहेंगे। अमेरिकन फर्स्ट स्पेशल फोर्स को द्वीप पर एक स्थायी ट्रेनिंग मिशन के लिए तैनात किया गया है। अमेरिका ने पहले भी ताइवान को प्रशिक्षण मिशन भेजे हैं, लेकिन यह पहली बार है जब स्थायी तैनाती की सूचना मिली है।

फर्स्ट स्पेशल फोर्स ताइवान की सेना के विशेष अभियान बल की एक बटालियन के दो ठिकानों पर तैनात है। कुछ अमेरिकी सैनिक किनमेन में हैं जो ताइवान के नियंत्रण वाले द्वीपों का समूह है। यह द्वीप चीन के जियामेन बंदरगाह शहर से 10 किमी की दूरी पर है। वहीं दूसरा ग्रुप ताइवान के तट पर पेस्काडोरेस द्वीप पर मौजूद है। कुछ एक्सपर्ट्स अमेरिका के इस कदम को श्एक चीन नीतिश के खिलाफ भी देख रहे हैं। हालांकि अमेरिका के सैनिकों की मौजूदगी वॉशिंगटन को बड़ा फायदा पहुंचाएगी। अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी से ताइवान स्ट्रेट और चीनी तट पर होने वाली गतिविधियों से जुड़ी खुफिया जानकारी अमेरिका को मिल सकेगी।



## गाजा में निरीह नागरिकों पर हमले से चौतरफा घिरा इजरायल

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) यरुशलम। गाजा में मानवीय मदद की आस में जुटे सौ से अधिक फलस्तीनियों की हवाई हमले में मौत को लेकर इजरायल घिरता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र व अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इस घटना को लेकर गहरा रोष जताया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने उत्तरी गाजा में निरीह नागरिकों की इस तरह मौत पर दुख जताते हुए कहा कि इससे गहरा सदमा लगा है। अमेरिका और जर्मनी ने घटना की जांच की मांग की है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी सख्त नाराजगी जताते हुए इजरायली सैनिकों के इस कृत्य के विरुद्ध न्याय की मांग की है। ब्राजील ने भी इस कार्रवाई को इजरायल के नैतिक और कानूनी दायरे से बाहर बताया। इसके साथ ही तुर्किये, सउदी अरब, मिस्र और जॉर्डन, दक्षिण अफ्रीका ने भी इसकी आलोचना की है।

## नेशनल असेंबली को काम नहीं करने देंगे सत्तारूढ़ पार्टी को पीटीआई ने दी चेतावनी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

■ चुनावों से पहले समान अवसर देने से इनकार करने का आरोप

इस्लामाबाद। सत्तारूढ़ गठबंधन पर कड़ा प्रहार करते हुए, पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ नेता जुनैद अकबर ने चेतावनी दी है कि वे नेशनल असेंबली को तब तक काम नहीं करने देंगे, जब तक कि उनके उचित अधिकारों का प्रावधान नहीं हो जाता। दरअसल, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल–एन के वरिष्ठ नेता सरदार अयाज सादिक को नेशनल असेंबली का अध्यक्ष और पीपीपी के नेता गुलाम मुस्तफा शाह को उपाध्यक्ष चुनाव गया।

पीटीआई नेता ने संसद के नवनिर्वाचित निचले सदन के दूसरे सत्र में अपने उग्र भाषण के दौरान यह टिप्पणी की। सदन में बोलते हुए अकबर ने कहा, हम इस विधानसभा को मान्यता नहीं देते हैं। हम न तो कानून बनाएंगे और न ही इसे सदन में अनुमति देंगे।

इमरान खान द्वारा स्थापित पार्टी ने दावा किया है कि 8 फरवरी के आम चुनावों के दौरान उसका जनादेश चोरी हो गया था। उन्होंने चुनावों को धांधली करार दिया है और कार्यवाहक सरकार पर चुनावों से पहले समान अवसर देने से इनकार करने का आरोप लगाया है।

पीटीआई के साथ कथित भेदभाव के मामलों पर जोर देते हुए, विधायक ने कहा कि 9 मई के उपद्रव की आड़ में उनकी पार्टी से उसका चुनावी प्रतीक बल्ला छीन लिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पीटीआई संस्थापक की हत्या की भी दो बार कोशिश की गई है। उन्होंने कहा कि 9 मई को पीटीआई के करीब 34 समर्थक मारे गए और खान द्वारा स्थापित पार्टी के नेतृत्व के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई।

उन्होंने कहा, मेरे और मेरे दोस्तों के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया। 190 मिलियन पाउंड के निपटान मामले में अपदस्थ प्रधानमंत्री की गिरफ्तारी के बाद 9 मई को लगभग पूरे देश में दंगे भड़क उठे थे।

### आम लोगों के लिए खोला गया अबू धाबी का मंदिर


एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) अबू धाबी। यूएई के अबू धाबी स्थित हिंदू मंदिर का बीते महीने एक बड़े कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया था। 14 फरवरी को मंदिर के उद्घाटन के बाद ये यानी 15 से 29 फरवरी तक उन्हीं भक्तों को दर्शन की इजाजत दी जा रही थी, जिनका पहले से रजिस्ट्रेशन था। एक मार्च से सभी के लिए मंदिर को खोल दिया गया है। ये बीएपीएस मंदिर 1 मार्च से सोमवार को छोड़कर हर दिन सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। मंदिर में जाने के लिए अब रजिस्ट्रेशन की जरूरत नहीं होगी लेकिन कई ऐसे नियम हैं, जिनका ध्यान मंदिर आने वालों को रखना होगा। मंदिर के दरवाजे सभी धर्मों और संप्रदाय के लोगों के लिए अपने दरवाजे खोल दिए हैं। बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के स्वयंसेवक और कर्मचारी आगंतुकों की सहायता के लिए मंदिर में मौजूद रहेंगे।

# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध करने वालों के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई

**बैठक**

## एडीएम ने पीसीपीएनडीटी एक्ट का कड़ाई से अनुपालन करने के दिए निर्देश

**संवाददाता**

चमोली। अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश की अध्यक्षता में शनिवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई। जिसमें पीसीपीएनटी के अन्तर्गत संचालित कार्यो की गहन समीक्षा की गई और पीसीपीएनडीटी एक्ट का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए गए।



अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जन्म से पूर्व लिंग परीक्षण और कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जनपद में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें। कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाए। आशा के माध्यम से सभी गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराया जाए। अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड कराने वालों का अनिवार्य रूप से फार्म–एफ भरा जाए। इस दौरान महादेव डायग्नोस्टिक सेंटर मैन बाजार कर्णप्रयाग के संचालक डॉ शैलेन्द्र कुमार जायसवाल द्वारा अपनी अल्ट्रासाउंड मशीन को कंपनी को बाई बैक करने हेतु दिए गए आवेदन पर अधिनियम के अनुसार कार्रवाई करने और जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में स्थित ट्रामा सेंटर पर स्थित अल्ट्रासाउंड मशीन को जिला चिकित्सालय के पंजीकरण में शामिल करने पर समिति द्वारा सहमति दी गई। वहीं अरिहंत हास्पिटल के प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह राणा द्वारा डॉ राहुल खर्कवाल को अपने अस्पताल में अल्ट्रासाउंड संचालन हेतु पंजीकृत किए जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन पर समिति ने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल का सर्टीफिकेट समिति के सम्मुख प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव शर्मा ने बताया कि आशा सर्वे–2023–24 के अनुसार जनपद में 0–6 वर्ष के बच्चों का लिंगानुपात 959 है। जबकि एनएफएचएस सर्वे के अनुसार जनपद का लिंगानुपात बढ़कर 1026 हो गया है। जिले में कुल 24 अल्ट्रासाउंड मशीन पंजीकृत है, जिसमें से 14 केन्द्र सीज है। जबकि 04 सरकारी और 05 प्राइवेट अल्ट्रासाउंड केन्द्र संचालित है। विगत अप्रैल से फरवरी तक जनपद में 05 गर्भवती महिलाओं की प्रसव के दौरान मृत्यु हुई है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति लिंग निर्धारण जैसी अवैध गतिविधियों के संबध में गोपनीय सूचना दे सकता है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजीव शर्मा, एसीएमओ डॉ अभिषेक गुप्ता, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ उमा रानी रावत, पीएमएस डॉ अनुराग धानिक, पौथोलॉजिक डॉ यशोदा पाल, डीजीसी प्रकाश भंडारी, हिमांद संस्था के सचिव उमा शंकर बिष्ट, डीपीएम नरेन्द्र सिंह,डीसीक्यू खीम सिंह रावत सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### 3188 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एचसीएच मर्तोलिया ने जनपदवासियों से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने शून्य से 05 आयु वर्ग के हर बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाने की अपील अभिभावकों से की। जनपद में शून्य से 05 आयु वर्ग के 3188 बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एचसीएच मर्तोलिया ने बताया कि जनपद में 298 पोलियो बूथों के माध्यम से 54802 घरों के कुल 3188 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जानी है। बताया कि पोलियो अभियान की सफलता हेतु 1192 वैक्सीनेटर व 119 पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। उन्होंने पोलियो दिवस के सफल आयोजन हेतु शिक्षा विभागए बाल विकास विभागए विद्युत विभागए पुलिस विभाग से सहयोग की अपील की है। उन्होंने अभियान की सफलता के लिए आगंगनबाडी कार्यकत्रियोंए आशा कार्यकत्रियों व एएनएम के माध्यम से शून्य से 05 आयु वर्ग के सभी बच्चों को बूथ तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का छटे दिन भी कार्य बहिष्कार जारी

**संवाददाता** हल्द्वानी। आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन का कार्य बहिष्कार छठे दिन भी जारी रहा। शनिवार को कार्यकत्रियों ने बुद्धपार्क में धरना–प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष हेमा लोहनी ने बताया कि जब तक सरकार के साथ मांगों पर सफल वार्ता नहीं हो जाती तब तक पूर्ण कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। इस दौरान दीपा सामंत, सीमा नेगी, धीरज गौड़, कमला पांडे, सोनी दरम्वाल, हंसा, पूजा पाठक, मुन्नी जोशी, गीता कन्याल, तुलसी, बीना जोशी, ललिता दुर्गापाल आदि मौजूद रहीं।

### नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर यूनिक पंजीकृत निवेशकों की संख्या पहुंची 9 करोड़ के पार

**संवाददाता** देहरादून। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया पर यूनिक पंजीकृत निवेशकों की संख्या 29 फरवरी, 2024 को 9 करोड़ के पार पहुंच गई। एक्सचेंज के साथ पंजीकृत ग्राहक कोड की कुल संख्या 16.9 करोड़ है (इसमें आज तक किए गए सभी ग्राहक पंजीकरण शामिल हैंय ग्राहक एक से अधिक ट्रेडिंग सदस्यों के साथ पंजीकरण कर सकते हैं)। हाल के कुछ वर्षों में एनएसई में निवेशक पंजीकरण में तेजी के बाद यह आंकड़ा पार हुआ है। 6 से 7 करोड़ निवेशकों तक पहुंचने में लगभग नौ महीने लगे, अगले करोड़ निवेशक आठ महीनों में आए, और 8 से 9 करोड़ (80 से 90 मिलियन) तक पहुंचने में केवल पांच महीने लगे।

# अटल भारत सम्मान फाउंडेशन ने 26 महिलाओं को सम्मानित किया

**संवाददाता** हल्द्वानी। अटल भारत सम्मान फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 26 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन तिकोनिया स्थित होटल में हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम राणावत, बीएलएम एकेडमी की डायरेक्टर सौम्या अग्रवाल, निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला, महामंडलेश्वर भावना गोस्वामी ने किया। फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष सीमा देवल ने बताया कि राष्ट्रीय व राज्य की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए 26 महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर बच्चों की ओर से महिला सशक्तिकरण पर सुंदर प्रस्तुति दी गई। मंच का संचालन शालिनी गुप्ता ने किया।

इस दौरान राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. पीएस प्रजापति, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आदित्य स्वरूप भारद्वाज, सोनिया राणावत, अंजलि अग्रवाल, प्राची अग्रवाल, कुसुमलता केसरवानी, नेहा देववंशी, खुशबू देवल, बीनू जायसवाल, पूनम अग्रवाल, डॉ. रिद्धिमा, दिपिका अग्रवाल, अर्चना मित्तल, रिचा गोयल, सारिका, नीतू, मंजू मालती केसरवानी, ज्योति, श्रुति तिवारी आदि मौजूद रहे।



### स्वीप के तहत चमोली में आयोजित हुआ प्रवासी मतदाता संवाद कार्यक्रम

**संवाददाता** चमोली। चमोली में व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (स्वीप) अभियान के तहत शनिवार को प्रवासी मतदाता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत जनपद में स्वीप कार्मिकों ने गांव आए प्रवासी मतदाताओं से घर–घर जाकर संवाद किया। साथ ही कार्मिकों की ओर से दूरभाष के माध्यम से भी प्रवासी मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। स्वीप अभियान के तहत आयोजित प्रवासी मतदाता संवाद अभियान के तहत कार्मिकों ने जनपद के नारायणबगड़, जोशीमठ, दशोली, कर्णप्रयाग, थराली, देवाल क्षेत्रों के गांवों और नगरों में प्रवासी मतदाताओं से सम्पर्क कर संवाद किया। कार्मिकों ने प्रवासी मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिये प्रेरित किया। विद्यालयों में मतदाता शपथ और पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

# मौसम ने बदली करवट, हल्द्वानी में हुई 2 एमएम बारिश

- अल्मोड़ा में सुबह से ही शुरू हुई रिमझिम बारिश
- बदरीनाथ हाईवे बंदय फंसे यात्री

**संवाददाता** हल्द्वानी। उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी के बाद लोगों की मुसीबत भी बढ़ गई है। बर्फबारी के बाद बदरीनाथ हाईवे हनुमान चट्टी से लेकर बद्रीनाथ तक बंद हो गया है। हाईवे बंद होने से यात्री फंस गए हैं। बदले मौसम की वजह से बदरीनाथ, हनुमान चट्टी, हेमकुंड साहिब, रुद्रनाथ सहित चमोली के ऊंचाई वाले इलाकों में रुक रुक कर बारिश और बर्फबारी हो रही है।

हल्द्वानी में देर रात से मौसम ने करवट बदल ली है। देर रात को अचानक तेज हवाएं चलने लगी और बारिश शुरू हो गई। बारिश का दौर शनिवार सुबह भी जारी रहा। आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार नैनीताल में 2.5 एमएम, हल्द्वानी में 2 एमएम, धारी में 1.0 एमएम, बेतालघाट में 0.5 एमएम, रामनगर में 1.0 एमएम, मुक्तेश्वर में 2.1 एमएम बारिश रिकार्ड की गई।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। आज राज्य के विभिन्न जिलों में अच्छी बारिश होने की



संभावना है। उच्च पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी के आसार हैं।

अल्मोड़ा नगर व आस पास के क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदल गया है। सुबह से ही रिमझिम बारिश शुरू हो गई है। बारिश से ठंड में इजाफा हो गया है। बीते दिनों दिन में धूप खिलने से लोगों को राहत मिल रही थी। वहीं, शनिवार को मौसम में बदलाव से लोगों को ठंड का सामना करना पड़ रहा है।

### वोटर कार्ड पंजीकरण से खिले दिव्यांग युवाओं के चेहरे

**संवाददाता** हल्द्वानी। मुनगली गार्डन स्थित वीएमके स्पेशल स्कूल में शनिवार को शिविर लगाकर दिव्यांग मतदाताओं का मतदाता पहचान पत्र के लिए पंजीकरण किया गया। स्वीप के ब्लॉक समन्वयक मोनिका चौधरी और डॉ. सुरेश भट्ट ने दिव्यांग मतदाताओं और उनके अभिभावकों को जागरूक किया। स्कूल में अध्ययनरत नए मतदाताओं का फॉर्म 6 से ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया। पंजीकरण होने के बाद युवा मतदाता आदित्य बिष्ट, शुएब, किरन, नैन्सी, पूजा, उवैस, यश पांडे, सेजल, बॉबी, कोमल, हिमानी आदि काफी उत्साहित दिखे। यहां प्रधानाध्यापिका राखी पाठक, खुशबू बिष्ट, मोनिका शर्मा, काजल रौतेला, स्नेहा माहेश्वरी आदि रहे।

नारी शांति की प्रतिमा है, उसे उच्च पद से नीचे गिराना केवल जंगलीपन है। – अज्ञात



विचार-प्रवाह देहरादून, रविवार, 3 मार्च 2024

पेज थ्री
www.page3news.in

# संस्कृति और इतिहास से पोशाक भी जुड़ी

**वेस्टर्न ड्रेसेज को लेकर उनके अंदर कोई झिझक नहीं है, न ही जींस से कोई ऐतराज। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के शोर के बीच भारतीयों ने विविधता की विरासत को जिंदा रखा है, जो आगे भी फलता–फूलता रहेगा।**

गुलशन राय खत्री।।

नौसेना में अफसर और नौसैनिक मेस में अब कुर्ता–पायजामा पहनेंगे। फौज में भारतीय परंपराओं को अपनाने और औपनिवेशिक दौर के अवशेषों से छुटकारा पाने के लिए यह पहल हुई है। इसमें कोई शक नहीं कि संस्कृति और इतिहास से हमारी पोशाक भी जुड़ी रही है। और, कपड़े–लत्ते और पहनावा पहचान का भी हिस्सा हैं। लेकिन भारत के संदर्भ में यह समझना जरूरी है कि विविधता इसका स्वभाव रहा है। बाहर से अलग धर्म, नस्ल के लोग आए और यहां के जीवन–संस्कृति और इतिहास का हिस्सा बन गए। इन लोगों ने भारतीय संस्कृति से बहुत सारी चीजों को अपनाया और उन्होंने कई चीजें यहां के कल्चर को दीं। ये चीजें आज भी भारत की बोली–भाषा, खान–पान से लेकर लिबास तक का हिस्सा हैं। अब जिस कुर्ता–पायजामा को नौसैनिकों को मेस में पहनने को कहा गया है, खुद उसका इतिहास भी इस विविधता का आईना है। दरअसल, सलवार–कमीज का ही एक रूप कुर्ता–पायजामा है, जिसे मुगल पहना करते थे। वहीं, शेरवानी हिंदुस्तानी कल्चर में तुर्किये और फारस के लोगों के साथ आई। कपड़ा पहचान के साथ सामाजिक रुतबे का भी प्रतीक है। राजा–बादशाहों के दौर में शाही परिवार, दरबारियों और आम लोगों की पोशाक में फर्क हुआ करता था। औपनिवेशिक काल में ऐसे भारतीयों की कमी नहीं थी, जो अंग्रेजों की तरह कपड़े पहनते थे, उनकी भाषा में बातें करते और खुद को दूसरे भारतीयों से श्रेष्ठ समझते। यही नहीं, जब अंग्रेज अपने फायदे के लिए भारतीय कपड़ा उद्योग को तबाह करने लगे तो महात्मा गांधी ने विदेशी कपड़ों के बहिष्कार का आह्वान किया। यह तब प्रतिरोध का जरिया और आजादी के आंदोलन का प्रतीक बना। ऐसा भी नहीं है कि सामाजिक हैसियत और कपड़े का यह जुड़ाव खत्म हो गया है। आज भी अमीर क्या पहनते हैं, इसे लेकर चर्चा होती है। कान फिल्म फेस्टिवल और ऑस्कर जैसे समारोहों में रेड कार्पेट पर सिलेब्रिटीज से पूछा जाता है कि उन्होंने किस डिजाइनर के बनाए कपड़े पहने हैं। यह उनकी अलग पहचान गढ़ता है। गुची, अरमानी, जिमी चू, लुई वितां जैसे ब्रैंड इसीलिए फल–फूल रहे हैं क्योंकि समाज का एक तबका कपड़े–जूतों–बैग से अपनी बेहतर सामाजिक हैसियत का ऐलान करना चाहता है। समाजशास्त्री एम एन श्रीनिवास के संस्कृतिकरण के सिद्धांत से मध्यवर्गीय समाज की इन ब्रैंडों की ओर आकर्षण की बात समझी जा सकती है। इसी वजह से जारा और भ–ड जैसे ब्रैंडों ने भारत में बहुत जल्द बड़ा बाजार बनाने में कामयाबी हासिल की है। ये उस नए भारत की नुमाइंदगी करते हैं, जिसकी शुरुआत नब्बे के दशक के आर्थिक सुधारों के साथ हुई। भारत ने तब अपने बाजार दुनिया के लिए खोल दिए। वैश्वीकरण की सीढ़ियां चढ़कर वह दुनिया की 5वीं बड़ी इकॉनमी बना। आज मीडिया–इंटरनेट की बदौलत लोग दुनिया के पहनावे और लेटेस्ट फैशन से वाकिफ हैं। बेशक, भारतीयों को अपनी विरासत पर गर्व है, लेकिन वे पहनावे को लेकर किसी बंधन से नहीं बंधे हैं।

## सुगंधित हवा

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** एक बार गिरिका ऋतुमती हुई। तीन दिनों के पश्चात जब वह शुद्ध हुई, तो उपरिचर उसके साथ रमण करने से पूर्व ही वन में आखेट के लिए चला गया। राजा आखेट के लिए चला तो गया, किंतु उसका ध्यान रानी के साथ रमण करने की ओर ही लगा रहा। दोपहर का समय था। राजा वन में एक अशोक वृक्ष के नीचे बैठा हुआ था। शीतल और सुगंधित हवा चल रही थी। मृदुल स्वरों में पक्षी गान कर रहे थे। राजा का ध्यान रानी की ओर चला गया। वह रमण के संबंध में मन ही मन सोचने लगा। राजा कामातुर हो उठा और उसका वीर्य स्खलित हो गया। राजा ने सोचा, उसका वीर्य व्यर्थ नहीं जा सकता अतः उसने अपने वीर्य को एक दोने में रखकर विमान में बैठे हुए बाज पक्षी को बुलाकर उससे कहा, "तुम इस दोने को ले जाकर मेरी रानी को दे दो। वह इसे अपने गर्भ में धारण कर लेगी।"

## संपादकीय

### एआई की मदद

जर्मनी मैन्युफैक्चरिंग में सुपर पावर है, इंग्लिश नहीं जानता है। चीन मैन्युफैक्चरिंग का हब है, इंग्लिश नहीं जानता है। क्वॉलिटी प्रॉडक्शन का बेंचमार्क जापान इंग्लिश नहीं जानता है। इंग्लैंड का पड़ोसी इटली कई सारे सेक्टर में ग्लोबल लीडर है, फैशन टेक्नॉलजी में ग्लोबल लीडर है, इंग्लिश नहीं जानता। इसलिए संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल भारतीय भाषाओं में स्टडी मटीरियल डिजिटल रूप में भी तैयार किया जाएगा। इसमें एआई जैसी तकनीक मदद कर रही है। बच्चा जिस लैंग्वेज में समझना–पढ़ना चाहता है, उसे सिखाने के लिए रणनीति बनानी होगी। बच्चों में क्रिटिकल थिंकिंग कैसे आए, इसका कोई सिद्ध साइंस नहीं है। यह स्कूल के प्रिंसिपल, फैकल्टी की जिम्मेदारी है। स्कूल का प्रिंसिपल नई सोच लेकर आएगा, तो असर स्कूली बच्चों पर भी दिखेगा। एआई इसमें मदद कर सकता है। आज टेक्नॉलजी उपलब्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब हिंदी में बोलते हैं तो एआई के माध्यम से सामने वाले लोग अपनी भाषा में समझ सकते हैं। मैं खुद को जितना एक्सप्रेस उड़िया में कर पाऊंगा, उतना न मैं हिंदी में कर पाऊंगा, न इंग्लिश में। इसके लिए ट्रांसलेशन टूल 'अनुवादिनी' अभी भी उपलब्ध है।

विज्ञान कहता है कि बच्चा जिस भाषा को पहले सुनता है, जिसमें पहला शब्द बोलता है, उसी में कम से कम 10-12 साल तक पढ़ेगा-लिखेगा तो दुनिया में किसी भी विषय को समझने में दिक्कत नहीं होगी।

# जादुई पिटारा

प्रणब ढल सामंता।।

देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अब बड़े महत्वपूर्ण बदलाव लाए जा रहे हैं। स्कूलों समेत सभी शिक्षा संस्थान शिक्षा नीति को लागू कर रहे हैं। शिक्षा नीति का तीसरा वर्ष पूरा करके अब हम चौथे वर्ष में आगे बढ़ रहे है। यह सहमति बनी है कि जिस पैटर्न से हम कंटेंट पढ़ाते थे, नई पीढ़ी बनाने के लिए आने वाले कम से कम 25 वर्षों को ध्यान में रखते हुए उसका पैराडाइम शिफ्ट करने की जरूरत है। NCERT इसे अमल में ला रहा है।

देश में पहली बार प्ले स्कूल में तीन वर्ष को फॉर्मल लर्निंग ईयर माना गया है। इस साल से बाल वाटिका 1, 2, 3 यानी KG 1, 2, 3 को टीचिंग लर्निंग मटीरियल के साथ जादुई पिटारे के रूप में सामने लाकर फॉर्मलाइज किया गया है। 1 और 2 की टेक्स्टबुक आ चुकी है। 3, 4, 5, 6, 9 और 11 यानी कुल छह साल की टेक्स्टबुक लाने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। अब तक लैंग्वेज, मैथ्स, साइंस, सोशल साइंस, एनवायरमेंटल साइंस पढ़ाया जाता है और स्पोर्ट्स, आर्ट, स्किल्स– ये सब एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज का हिस्सा थे। लेकिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने सिफारिश की है कि पांच विषयों के अलावा स्पोर्ट्स, आर्ट और स्किल परमानेंट एजुकेशन सब्जेक्ट होंगे। भारत की



युवा आबादी के पास दो अवसर हैं। एक, हमारे देश की जरूरतों को पूरा करना। दूसरा, दुनिया की जॉब मार्केट में अपनी जगह बनाना। शिक्षा नीति की सिफारिशों को लागू करने से ये दोनों मकसद पूरे होंगे। ऐसी दुविधा में नहीं रहना चाहिए कि व्यक्तित्व इंग्लिश पढ़ने से ही बनता है। आंकड़े कहते हैं कि भारत में कुल स्टूडेंट्स आबादी का बमुश्किल दस फीसदी हिस्सा ही इंग्लिश में पढ़ता है। बाकी 90 परसेंट से ज्यादा स्टूडेंट्स किसी न किसी लोकल लैंग्वेज में पढ़ते और समझते हैं। विज्ञान कहता है कि बच्चा जिस भाषा को पहले सुनता है, जिसमें पहला शब्द बोलता है, उसी में कम से कम 10–12 साल तक पढ़ेगा–लिखेगा तो दुनिया में किसी भी विषय को समझने में दिक्कत नहीं होगी।

'परीक्षा पे चर्चा' एक जन आंदोलन बन चुका है। इसमें 2.25 करोड़ रजिस्ट्रेशन हुए, करोड़ों लोगों ने इसे लाइव देखा। आज के बच्चे शायद हम लोगों से कम से कम 100 मील आगे हैं। उनका जो एक्सपोजर है, नए आइडिया हैं, सब देख ही रहे हैं। बच्चों की इसी सोच के सहारे इस देश को विकसित अर्थव्यवस्था में बदलना है। इस देश को नॉलेज बेस्ड इकॉनमी का सुपर पावर बनाना है। उसका कोई दूसरा मार्ग नहीं है, आपके ही जरिए बनाना है। अपने बच्चों को दुनिया की नई जरूरत के हिसाब से तैयार करना है तो यही उसका सारांश है।

### अष्टयोग-5049

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 4 | 5 | | |
| 2 | 30 | 7 | 31 | | 34 | 2 |
| 1 | | | 3 | | 7 | |
| | 28 | 6 | 31 | 6 | 39 | 3 |
| 4 | | 1 | | | 5 | 7 |
| 3 | 30 | | 32 | 7 | 34 | |
| | 5 | | 6 | | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5048 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 30 | 2 | 25 | 2 | 34 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 |
| 6 | 28 | 5 | 35 | 3 | 39 | 6 |
| 1 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 30 | 3 | 42 | 5 | 34 | 7 |
| 3 | 5 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### समानता वाली व्यवस्था

**मोहन।** ज्यादातर प्रावधान सभी धर्मों की महिलाओं और पुरुषों के बीच समानता पर आधारित न्यायपूर्ण प्रगतिशील समाज के निर्माण का ही संदेश देते हैं। उदाहरण के लिए, पुरुष और महिला दोनों को तलाक के समान अधिकार होंगे तो पति या पत्नी में से किसी के जीवित रहने पर दूसरे विवाह की अनुमति नहीं होगी। किसी को एक से अधिक विवाह करना हो या पुरुषों के समान महिलाओं को तलाक के अधिकार देने से समस्या हो तो उसे जरूर समान नागरिक संहिता से दिक्कत होगी। तलाक की याचिका लंबित रहने पर भरण–पोषण और बच्चों की अभिरक्षा से संबंधित प्रावधानों पर उन्हें ही आपत्ति हो सकती है जो सामाजिक न्याय नहीं चाहते। धार्मिक मान्यताएं चाहे जो भी हों, किसी व्यक्ति को पुनर्विवाह या तलाक के मामले में स्वच्छंदता नहीं दी जा सकती। समान नागरिक संहिता की प्रगतिशील प्रकृति का एक प्रमाण संपत्ति में पुरुषों के समान महिलाओं को समान अधिकार दिया जाना है। इससे किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए कि किसी भी परिवार के जीवित बच्चे, पुत्र या पुत्री संपत्ति में बराबर के अधिकारी होंगे।






## श्रद्धा कपूर को गले लगाते आदित्य रॉय कपूर और साइड में खड़ीं अनन्या पांडे

कथित लवबर्डस आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे को मुंबई एयरपोर्ट पर पपाराजी ने देखा, जब वे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री–वेडिंग पार्टी के लिए जामनगर जा रहे थे। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में आदित्य और अनन्या एयरपोर्ट में एंट्री करते नजर आ रहे हैं लेकिन जिस चीज ने सबका ध्यान खींचा वह कुछ और था। इसमें आदित्य की कथित एक्स गर्लफ्रेंड श्रद्धा कपूर भी हैं और यहां तीनों का आमना–सामना होता दिख रहा है। वायरल क्लिप में जामनगर के लिए रवाना होने से पहले आदित्य रॉय कपूर श्रद्धा कपूर को गले लगाते नजर आ रहे हैं। अनन्या भी एक तरफ खड़ी होकर दोनों को देख रही हैं। फिल्म आशिकी 2 की शूटिंग के दौरान आदित्य और श्रद्धा के रिश्ते में होने की खबरें थीं। हालांकि, दोनों ने कभी भी रिश्ते में होने की बात स्वीकार नहीं की। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने आदित्य और श्रद्धा कपूर को गले लगाने के वीडियो पर रिएक्शन दिया और तर्क दिया कि अनन्या थोड़ी अनकंफर्टेबल लग रही थीं। एक यूजर ने लिखा, श्रद्धा और आदित्य गले मिले लेकिन अनन्या। एक ने लिखा, हे भगवान वह श्रद्धा कपूर थीं। एक यूजर ने लिखा, एक ही जगह एक्स और प्रेजेंट भी। एक यूजर ने लिखा, भाई ये अंबानी ही करवा सकता है। कुछ देर पहले सिद्धार्थ मल्होत्रा, कियारा आडवाणी, सैफ अली खान, करीना कपूर खान, सारा अली खान, इब्राहिम अली खान और माधुरी दीक्षित को भी जामनगर के लिए रवाना होते हुए देखा गया था।

## करिश्मा कपूर की शादी का वीडियो हो रहा वायरल

करिश्मा कपूर ने नब्बे के दशक में बॉलीवुड पर राज किया है। यह वह दौर था, जब एक साल में करिश्मा की दर्जनभर फिल्में ना सिर्फ रिलीज होती थीं, बल्कि लगातार हिट भी। करिश्मा कपूर का स्टारडम ऐसा था कि उन्होंने ना सिर्फ कई हीरोज से ज्यादा फीस ली, बल्कि कपूर परिवार के उस नियम को भी तोड़ा, जहां बेटी और बहुओं को फिल्मों में काम करने की इजाजत नहीं थी। यह करिश्मा की ही बदौलत है कि आज आलिया भट्ट से लेकर करीना कपूर तक बॉलीवुड में काम कर रही हैं। करिश्मा ने साल 2003 में बिजनसमैन बॉयफ्रेंड संजय कपूर से शादी की थी। इस ग्रैंड वेडिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें सलमान खान के लेकर विवेक ओबेरॉय और श्रीदेवी से गोविंदा तक नजर आ रहे हैं। वीडियो में एक ही छत के नीचे सलमान खान के साथ विवेक ओबेरॉय भी अपने पिता सुरेश ओबेरॉय के साथ दिख रहे हैं।

## शर्ट–पैंट और चप्पल पहने इकोनॉमी क्लास में सफर करते दिखे रजनीकांत



रजनीकांत भले ही देश के बड़े सुपरस्टार हैं और महंगे एक्टर्स में शुमार हैं, पर उनकी सादगी और साधारण सबका दिल जीत लेती है। साधारण जीवन उच्च विचार की शैली पर चलने वाले रजनीकांत जहां जाते हैं, छा जाते हैं। दुनियाभर में नाम कमाने वाले रजनीकांत की सादगी हर किसी को हैरान कर देती है। हाल ही वह इकोनॉमी क्लास में सफर करते नजर आए, जिसका वीडियो सामने आया है। एक बड़े स्टार को यूं इकोनॉमी क्लास में सफर करता देख फैंस हैरान रह गए, और उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। इससे भी हैरान करने वाला था त्पदपांजी का पहनावा। उन्होंने अन्य सितारों की तरह कोई ग्लैमरस कपड़े या सूट–बूट नहीं पहना था। बल्कि वह नीली शर्ट, सफेद पैंट और चप्पलें पहने फ्लाइट में सफर कर रहे थे। रजनीकांत के एक फैन ने फ्लाइट में चुपके से उनका वीडियो बना लिया और ग पर शेयर कर दिया, जो अब वायरल हो रहा है। दिलचस्प बात यह है कि रजनीकांत ने इकोनॉमी क्लास में न तो चेहरा छुपाने की कोशिश की, और ना ही उन्होंने मास्क लगाया हुआ था। वह एक आम आदमी की तरह अपनी सीट पर बैठे, फोन देखते और गाने सुनते नजर आए। बाद में वह एयर होस्टेस से बातचीत करते भी दिखे। फैंस रजनीकांत का यह अंदाज और सादगी देखकर तो हैरान हो ही रहे हैं, साथ ही उस शख्स को खुशनसीब बता रहे हैं, जो उनके बराबर में बैठा था।

# 19 साल में कास्टिंग काउच का शिकार हुई थीं अंकिता लोखंडे

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*अंकिता लोखंडे टेलीविजन इंडस्ट्री के सबसे बड़े नामों में से एक हैं। साल 2009 में एक्ट्रेस ने एकता कपूर के शो श्पवित्र रिश्ताश से अभिनय की शुरुआत की और तब से, उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अपने पहले शो से अब तक, अंकिता को भारी सफलता मिली और वह एक घरेलू नाम बन गईं। श्पवित्र रिश्ताश में काम करने के बाद, अंकिता को कई फिल्मों और रियलिटी शो में देखा गया। हालांकि, शोबिज में आना उनके लिए आसान नहीं था क्योंकि उन्हें अपने करियर के शुरुआती फेज में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हाल ही में एक इंटरव्यू में अंकिता ने उस समय कास्टिंग काउच का सामना करने को याद किया जब वह काफी छोटी थीं।*

**वो प्रोड्यूसर मेरे साथ सोना चाहता था**

अंकिता लोखंडे सिर्फ 19 साल की थीं और कई सारे ऑडिशन दे रही थीं क्योंकि वह एक एक्ट्रेस बनना चाहती थीं। हाउटरफ्लाई के साथ एक इंटरव्यू में, अंकिता ने कास्टिंग काउच के अपने अनुभव के बारे में बात की और कहा, मैंने साउथ फिल्म के लिए ऑडिशन दिया था। मुझे कॉल आया कि आप साइन करने आ जाओ। मैं बहुत खुश थी, तो मैंने अपनी मां को बोला मैं साइन करके आती हूं। मुझे भी डाउट था कि इतनी आसानी से कैसे हुआ?

**अंकिता लोखंडे के साथ कास्टिंग काउच**



हालांकि, एक्ट्रेस ने किसी का नाम नहीं बताया, लेकिन उन्होंने घटना के बारे में बताया कि वास्तव में उनसे क्या करने के लिए कहा गया था। उस भयावह अनुभव को याद करते हुए अंकिता ने कहा, मैंने होशियारी दिखाई और फिर पूछा, तो मुझसे कहा गया, आपको प्रोड्यूसर के साथ सोना पड़ेगा। मैंने उनसे कहा कि, मुझे नहीं लगता कि आपके प्रोड्यूसर को टैलेंट की जरूरत है। उसे सोने के लिए बस एक लड़की की जरूरत है, और मैं वह नहीं हूं और मैं बस वहां से चली गई।

**अंकिता लोखंडे की फिल्में**

इंडियाज बेस्ट सिनेस्टार की खोज में भाग लेने के बाद अंकिता लोखंडे को अपना पहला शो पवित्र रिश्ता मिला। 2019 में, अंकिता ने बॉलीवुड में कदम रखा और कंगना रनौत की फिल्म मणिकर्णिकाः द क्वीन ऑफ झाँसी में अभिनय किया। उन्होंने टाइगर श्रॉफ, श्रद्धा कपूर और रितेश देशमुख के साथ एक्शन थ्रिलर फिल्म बागी 3 में भी शानदार काम किया।

# बिखरे बाल और बासी रोटी खाते ही मैन को देख बेचैन हुए फैंस

*बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक ऐसी फोटो शेयर की, जिसके बाद उनके फैंस के बीच चिंता की स्थिति आ गई। उन्होंने अजीब हालत में रोटी खाते हुए एक फोटो डाली और उसमें उनके बाल भी बिखरे थे। बाद में एक्टर ने बताया कि आखिर उनके साथ क्या हुआ है।*



बॉलीवुड के ही–मैन कहे जाने वाले धर्मेंद्र सोशल मीडिया पर बहुत ज्यादा एक्टिव रहते हैं और अक्सर मजेदार पोस्ट शेयर करते रहते हैं। धर्मेंद्र अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में तो लोगों को बताते ही हैं, साथ में अपनी फिल्मों से जुड़े किस्से भी शेयर करते रहते हैं। हाल ही में उन्होंने कुछ ऐसा ही किया लेकिन इस बार उनके फैंस को उनकी हालत देखकर दया आ गई। धर्मेंद्र कुछ ऐसी स्थिति में नजर आए कि उनके चाहनेवाले उन्हें देखकर दंग रह गए। आइए पूरी बात आपको बताते हैं।

**88 साल के धर्मेंद्र की आधी रात को हुई ऐसी हालत**

धर्मेंद्र ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। उस फोटो में धर्मेंद्र काफी थके हुए लग रहे थे और उनके बाल भी बिखरे हुए थे। हालांकि, जिस चीज ने फैंस का ध्यान खींचा, वह यह थी कि वह खराब स्थिति में दिखाई दे रहे थे और सूखी रोटी खा रहे थे। फोटो ने फैंस को चिंता में डाल दिया और उनमें से कई ने उनसे पूछा कि क्या वह ठीक हैं।

**धर्मेंद्र को ये क्या हुआ?**

धर्मेंद्र एक एक्टिव सोशल मीडिया यूजर के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने अपने इस पोस्ट को कैप्शन दिया, आधी रात हो गई...नींद आती नहीं..भूख लग जाती है। बासी रोटी और मक्खन खा रहा हूं। यह टेस्टी है। हालांकि, सोचने वाली बात ये है कि धर्मेंद्र ने कुछ ही समय बाद वो पोस्ट डिलीट भी कर दिया लेकिन फैंस उनकी हालत देखने के बाद हैरान हैं।

**दूर हुई फैंस की चिंता**

जैसे ही धर्मेंद्र ने वो फोटो पोस्ट की, फैंस एक्टर के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हो गए और उनसे पूछा कि क्या वह ठीक हैं। एक्टर ने कहा कि वह ठीक हैं, बात बस इतनी है कि उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया है। फैंस को आखिरकार तब राहत की सांस मिली जब उन्होंने खुद उनसे यह सुना कि वह ठीक हैं और चिंता की कोई बात नहीं है।

# एक किडनी के साथ खुशहाल जीवन जीने के लिए इन बातों का रखें ध्यान




**हाई प्रोटीन डाइट से दूर रहें**

किडनी के मरीज या एक किडनी वाले व्यक्ति अपनी डाइट में इस बात का विशेष ध्यान रखें कि वो हाई प्रोटीन डाइट न लें, क्योंकि अब सारा बोझ आपकी एक ही किडनी पर है। एक किडनी हाई प्रोटीन का मात्रा को बहुत अच्छे से रिफाइन नहीं कर पाएगी। पूरा प्रेशर एक किडनी पर आ जाएगा। इसलिए कोशिश करें कि पनीर, दाल, साबुत अनाज आदि का कम ही मात्रा में सेवन करें। सबसे खास बात किसी प्रकार का प्रोटीन शेक गलती से भी न लें।

*ऐसे बहुत से लोग है, जो किसी न किसी कारण एक किडनी के साथ जीवन व्यतीत कर रहे हैं। किडनी शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। किडनी के मरीजों के लिए अपनी सेहत का खास ध्यान रखने की आवश्यकता होती है।*

**यूरिन इन्फेक्शन से बचें:** यूरिन इंफेक्शन से बचने के लिए हर जरूरी बात का ध्यान रखें। अगर आप में यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन के लक्षण नजर आ रहे हैं, तो जल्द से जल्द इसका इलाज करवाएं। इंफेक्शन को आगे बढ़ने दें। इंफेक्शन से बचाव के लिए पब्लिक टॉयलेट के इस्तेमाल से बचें। यहां पर सबसे ज्यादा खतरा होता है संक्रमण का।

**सोडियम का सेवन कम करें:** नमक का ज्यादा सेवन वैसे तो सभी को मना होता है, लेकिन जिन लोगों का किडनी ट्रांसप्लांटेशन हुआ है या एक किडनी निकाल दी गई है, उन लोगों को खासतौर से अपनी डाइट में से सोडियम और फास्फोरस को कम कर देना चाहिए।

**डायबिटीज और ब्लड प्रेशर कंट्रोल रखें:** डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों में किडनी खराब होने का खतरा ज्यादा होता है और उसमें एक किडनी होती है, उनमें यह रिस्क और भी ज्यादा बढ़ जाता है। इसलिए डायबिटीज और ब्लड प्रेशर को अच्छी डाइट और दवाओं से कंट्रोल में रखें। समय-समय पर चेकअप जरूर करवाते रहें।

**स्मोकिंग और अल्कोहल से दूर रहें:** किडनी के मरीज खासतौर पर जो सिंगल किडनी के साथ है, उन्हें स्मोकिंग और अल्कोहल से दूर रहने की सलाह दी जाती है। स्मोकिंग और अल्कोहल के सेवन से किडनी की स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, जिसके कारण उसकी किडनी की कार्यक्षमता कम हो सकती है।

**नियमित व्यायाम** : सिंगल किडनी के साथ लाइफस्टाइल को हेल्दी रखने के लिए नियमित योग ए एक्सरसाइज या वॉक करें। योग किडनी की सेहत और कार्यक्षमता में सुधार करता है। एक्सरसाइज से डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा भी कम हो जाता है। नियमित व्यायाम करना भी किडनी के रोगियों के लिए फायदेमंद हो सकता है।



## क्या नाभि से बदबू आती है? कहीं इसकी वजह इंफेक्शन तो नहीं


हम लोग शरीर के अन्य हिस्सों के बारे में सोचते हैं, क्या कभी आपने नाभि के हाइजीन के बारे में सोचा है? नाभि से आने वाली बदबू भी कई बार परेशान कर देती है। नाभि को मेडिकल टर्म में अम्बिलीकस कहते हैं और इसे बेली बटन भी कहा जाता है।हमारे आसपास ऐसे कई लोग हैं, जो नाभि से जुड़ी परेशानियों से अनजान हैं। लेकिन हम आपको बता दे कि नाभि से आने वाली बदबू उसमें होने वाले संक्रमण के कारण होती है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन की रिपोर्ट के अनुसार जिस तरह से शरीर के अलग-अलग हिस्सों में बैक्टीरिया होते हैं, इसी तरह नाभि में भी बैक्टीरिया का खतरा होता है। जिसके कारण नाभि के आसपास की जगहों पर जलन, खुजली या रैशेज हो सकते हैं।नाभि के आसपास की नमी संक्रमण को और तेजी से फैला सकती है।। ऐसे में कई और भी तरह के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए नाभि की बदबू और नाभि से जुड़ी अन्य परेशानियों को कैसे दूर रखना है, जाने यहां। नाभि में होने वाले संक्रमण और नजर आने वाले इन लक्षणों को अनदेखा नहीं करना चाहिए, क्योंकि इलाज न होने पर आगे जाकर एक गंभीर रूप ले सकते हैं।

## मोटापे की चपेट में 1 अरब लोग, बदन से जिद्दी चर्बी चूस लेंगे ये उपाय

द लैंसेट जर्नल में प्रकाशित एक पेपर के मुताबिक दुनिया भर में मोटापे से ग्रस्त बच्चों, किशोरों और वयस्कों की संख्या अब एक अरब से अधिक हो गई है। दुनिया में वयस्कों का मोटापा 1990 के बाद से दोगुना से अधिक हो गया है, और किशोरों का मोटापा चार गुना हो गया है। 2022 में 2.5 बिलियन वयस्क (18 वर्ष और अधिक) अधिक वजन वाले थे। इनमें से 890 मिलियन लोग मोटापे के साथ जी रहे थे। शोध यह भी बताता है कि मोटापा और कम वजन दोनों ही कुपोषण के रूप हैं और कई मायनों में लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। अधिक वजन कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों का एक बड़ा कारक माना जाता है। एक्सपर्ट मानते हैं कि जिन लोगों का वजन सामान्य से अधिक होता है उनमें डायबिटीज, हृदय रोग और हार्ट अटैक जैसी क्रोनिक बीमारियों और जानलेवा समस्याओं का खतरा अधिक हो सकता है। ऐसे में सवाल है कि इस समस्या का हल क्या है? लाइफस्टाइल में बदलावरू हेल्दी डाइट, फिजिकल एक्टिविटी, नियमित एक्सरसाइज, और अच्छी नींद का ख्याल रखना जरूरी है। तंबाकू-शराब से पर्याप्त दूरी।

# चाय में घी डालने से बिजली की तरह दौड़ेगा दिमाग

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*दिन की पहली चाय की बात ही अलग है। यह नींद भगाने के साथ मूड को बेहतर बना देती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस चाय में छोटा सा बदलाव करने पर दिमाग को सुपर ब्रेन बनाया जा सकता है। यह आपके दिमाग का फंक्शन बढ़ा देता है। इसके लिए आपको चाय में देसी घी डालकर पीना है। यह रेसिपी पश्चिमी देशों से आया है जहां कॉफी में घी या बटर डालकर पीया जाता है। इसे बुलेटप्रूफ कॉफी कहा जाता है मगर यह तरीका चाय पर भी काम करता है। इससे चाय के फायदे और देसी घी के फायदे मिलकर डबल ताकत देते हैं। आइए बुलेटप्रूफ टी पीने के सारे फायदे जानते हैं।*

**चाय में देसी घी मिलाने का तरीका**

सुबह की चाय में एक चम्मच देसी घी डालकर अच्छे से मिलाकर पीएं। लेकिन अगर आप दूध वाली चाय की जगह हर्बल टी में घी डालकर पीएंगे तो ज्यादा बेहतर रहेगा। एक स्वस्थ व्यक्ति दिन में 2 बार इस चाय का सेवन कर सकता है।

**दिमाग की ताकत होगी डबल**

चाय में कैफीन होता है जो दिमाग के बंद दरवाजे खोल देता है। यह दिमाग को एक्टिव बनाता है और कॉग्नीटिव फंक्शन बढ़ जाता है। इस फंक्शन में आपकी याददाश्त, सीखना आदि आता है। शोध के मुताबिक आयुर्वेद में देसी घी के अंदर मेध्य रसायन गुण होते हैं जो याददाश्त और दिमाग की सक्रियता को तेजी से बढ़ाता है।



**चिंता और तनाव दूर**

चाय के एंटीऑक्सीडेंट्स और देसी घी के हेल्दी फैट्स मिलकर तनाव से छुटकारा दिलाने में मदद करते हैं। इससे आपका मूड अच्छा हो जाता है और चिड़चिड़ापन या मूड स्विंग्स जैसी दिक्कत नहीं होती। यह फायदा भी दिमाग को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

**करंट की तरह एनर्जी**

बुलेटप्रूफ टी कैलोरी और न्यूट्रिशन का मिक्सचर है। इससे विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स मिलते हैं। यह कमजोरी, आलस और थकावट दूर करते हैं। आप शरीर में पहले से ज्यादा चुस्ती और स्फूर्ति महसूस करते हैं।

**इम्यूनिटी बूस्टर ड्रिंक**

चाय में घी डालकर इम्यूनिटी बढ़ाने वाली ड्रिंक भी बना सकते हैं। यह इंफेक्शन से लड़ने वाली रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा देती है। जिससे मौसम बदलने पर बीमार होने से बचा जा सकता है।

**नहीं बनेंगे दिल के मरीज**

जिन लोगों को दिल की बीमारी नहीं है उनको इस ड्रिंक को जरूर लेना चाहिए। क्योंकि इससे दिल की बीमारी होने का आगे वाला खतरा भी कम किया जा सकता है। इसके हेल्दी फैट्स गंदे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ने नहीं देते हैं।

## ब्लड डोनर को रक्तदान के बाद इन बातों का ध्यान रखना चाहिए



सही ढंग से किया गया रक्तदान आपके लिए फायदेमंद होता है। यह आपके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए फायदेमंद है। ब्लड डोनेट करने से शरीर में मौजूद एक्स्ट्रा आयरन बाहर निकल जाता है, जो सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है।अमेरिकन जर्नल ऑफ एपिडेमियोलॉजी द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार अनुसार साल में एक बार रक्तदान करने से हार्ट अटैक का खतरा 88 प्रतिशत तक कम हो जाता है। ब्लड डोनर्स को कुछ सावधानियों का ध्यान रखना चाहिए, जिससे उनका स्वास्थ्य भी बेहतर बना रहे और वह काफी लंबे समय तक रक्तदान कर सकें। रक्तदान करने के बाद डोनर तुरंत चलना या वापस नहीं जाना चाहिए। कुछ देर उसी जगह पर ही आराम करना चाहिए। 15 से 20 मिनट आराम करने के बाद सबसे पहले थोड़ा सा जूस पीना चाहिए। इसके अलावा आगे के बेहतर स्वास्थ्य के लिए अगले कुछ दिनों तक पानी, जूस जैसे तरल पदार्थों का सेवन ज्यादा करें। दो से तीन एक्सरसाइज या अत्यधिक मेहनत वाले काम से बचें। अगर आपका ब्लड डोनेशन के बाद चक्कर आने लगते हैं, तो वहां डॉक्टर को बताएं, इसे अनदेखा न करें। रक्तदान के बाद डॉक्टर कुछ दिन के लिए फोलिक एसिड जैसी दवाओं के सेवन की सलाह दे सकते हैं। यह दवा रेड ब्लड सेल्स के निर्माण में मदद करते हैं।



**लखनऊ सुपर जायंट्स के रह चुके हैं मेंटर**

बता दें कि भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज 2022 और 23 सीजन के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए मेंटर के रूप में काम कर चुके हैं। गंभीर की मेंटरशिप में लखनऊ सुपर जायंट्स दोनों सीजन में प्लेऑफ तक पहुंचने में सफल रही थी। केकेआर में गंभीर की वापसी की घोषणा 21 नवंबर, 2023 को आधिकारिक की गई थी।

## गौतम गंभीर ने राजनीति से की संन्यास की घोषणा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आगामी आईपीएल 2024 सीजन से पहले गौतम गंभीर ने राजनीति से संन्यास ले लिया। गंभीर ने भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा से उन्हें अपने राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करने की अपील की। आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स के संरक्षक के रूप में अपना कार्यकाल शुरू करेंगे। गौतम गंभीर ने अपने सोशल मीडिया पर अपने राजनीतिक करियर से संन्यास लेने की पोस्ट साझा की। अपने आधिकारिक अकाउंट से एक ट्वीट में, गंभीर ने भाजपा अध्यक्ष से उन्हें अपने कर्तव्यों से मुक्त करने का अनुरोध किया, ताकि वह अपनी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित कर सकें। गंभीर ने लोगों की सेवा करने का मौका देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को भी धन्यवाद दिया। बता दें कि गंभीर का यह फैसला केकेआर के नए मेंटर के रूप में उनकी वापसी से कुछ दिन पहले आया है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित के साथ मिलकर केकेआर के लिए काम करेंगे। गौरतलब हो कि गंभीर ने 2011–17 तक कोलकाता फ्रेंचाइजी की कप्तानी की और उन्हें 2012 और 2014 में आईपीएल खिताब जिताया।

# 15 साल बाद न्यूजीलैंड की धरती पर ग्लेन फिलिप्स ने किया कमाल

**क्रिकेट**

### मैच में काफी पिछड़ने के बाद न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन धमाकेदार वापसी की



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन मैच में काफी पिछड़ने के बाद न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन धमाकेदार वापसी की। ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स ने अपनी गेंदबाजी से चमक बिखेरी। कभी विकेट के पीछे से शिकार करने वाले फिलिप्स ने ग्लव्स उतारकर ऑफ स्पिन गेंदबाजी करने शुरू कर दी। अब वह अपनी गेंदबाजी से कहर बरपा रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच विकेट लेकर ग्लेन फिलिप्स ने इतिहास रच दिया। 15 साल में घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड के किसी स्पिनर ने पहली बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया है। फिलिप्स ने तीसरे दिन सुबह उस्मान ख्वाजा के बड़े विकेट के साथ विकेट लेने की शुरुआत की। ऑस्ट्रेलिया के लिए पहली पारी के हीरो कैमरून ग्रीन और ट्रेविस हेड 46 रन की तेज साझेदारी कर न्यूजीलैंड के लिए खतरा बन रहे थे। फिलिप्स ने हेड और मिचेल मार्श को लगातार गेंदों पर आउट कर दिया। इसके बाद एलेक्स कैरी और फिर ग्रीन को आउट कर अपना पांचवां विकेट हासिल किया।

बता दें कि न्यूजीलैंड के लिए आखिरी बार किसी कीवी स्पिनर ने घरेलू मैदान पर पांच विकेट लेने का कारनामा दिसंबर 2008 में किया था। तब जीतन पटेल ने नेपियर में 5द110 की कमाल की गेंदबाजी की थी। न्यूजीलैंड के सामने अभी भी मुकाबला जीतने की काफी कठिन चुनौती है, कीवी टीम को 369 रनों का लक्ष्य मिला है।

न्यूजीलैंड को पहला टेस्ट जीतने के लिए 258 रन की दरकार है जबकि उसके सात विकेट शेष हैं। रचिन रवींद्र और डैरिल मिचेल के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है। इस जोड़ी ने चौथे विकेट के लिए स्टंप्स तक 52 रन की अविजित साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के 59 रन पर तीन विकेट गिरा दिए थे। पहली पारी में बिना खाता खोले आउट होने वाले रवींद्र ने दूसरी पारी में सुधार किया और 56 रन बनाकर नाबाद रहे।

वहीं, मिचेल ने जरा भी जोखिम नहीं उठाना ठीक समझा और रवींद्र का साथ निभाने पर विश्वास रखा। नाथन लियोन ने टॉम लैथम (8) और केन विलियमसन (9) के विकेट लेकर न्यूजीलैंड पर दबाव बनाया। ट्रेविस हेड ने विल यंग (15) को अपना शिकार बनाया। फिर रवींद्र–मिचेल की जोड़ी ने मेजबान टीम की उम्मीदों में जान फूंकी और उसे मैच में बनाए रखा।

# धर्मशाला में अश्विन के पास होगा इतिहास रचने का मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रांची में टीम इंडिया की जीत की कहानी लिखने वाले आर अश्विन शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। अश्विन करियर के उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं, जहां वह हर मुकाबले के साथ नया कीर्तिमान स्थापित करते जा रहे हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में होने वाले पांचवें टेस्ट में भी अश्विन के पास इतिहास रचने का सुनहरा मौका होगा।

आर अश्विन ने रांची टेस्ट की दूसरी पारी में पांच विकेट लेने के साथ ही अनिल कुंबले के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। अश्विन भारत की ओर से एक पारी में सर्वाधिक बार पांच विकेट लेने के मामले में अनिल कुंबले के साथ संयुक्त रूप से नंबर एक पर है। अश्विन और

■100वां टेस्ट खेलने उतरेंगे आर अश्विन

कुंबले दोनों ने टेस्ट क्रिकेट में 35 बार एक पारी में पांच विकेट झटके हैं। अश्विन अगर धर्मशाला में होने वाले पांचवें टेस्ट में एक बार फिर एक इनिंग में 5 विकेट लेने में सफल रहते हैं, तो वह कुंबले को पीछे छोड़ देंगे। अश्विन भारत की ओर से एक पारी में सबसे ज्यादा बार पांच विकेट लेने वाले गेंदबाज बन जाएंगे।

रविचंद्रन अश्विन धर्मशाला में अपने टेस्ट करियर का 100वां टेस्ट मैच खेलने मैदान पर उतरेंगे। अश्विन भारत की ओर से 100वां टेस्ट खेलने वाले 14वें भारतीय खिलाड़ी और तीसरे स्पिनर बनेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज में अश्विन कई बड़े



मुकाम हासिल कर चुके हैं।

अश्विन भारत की ओर से टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बने हैं। इसके साथ ही अश्विन भारत की सरजमीं पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में कुंबले को पीछे छोड़ा था। भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाना है।

## जुरेल नहीं ईशान किशन थे टेस्ट सीरीज के लिए प्राथमिकता!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में अपने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट जारी की है। इसमें दो प्रमुख खिलाड़ियों श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को जगह नहीं मिली, जिसकी वजह से वह चर्चा में हैं। भारत के लिए हाल ही में लगातार क्रिकेट खेलने के बावजूद, दोनों खिलाड़ियों को बीसीसीआई कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया गया है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि घरेलू क्रिकेट में भाग नहीं लेने की उनकी अनिच्छा इस फैसले का कारण हो सकती है। बीसीसीआई ने ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को बाहर करने का कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया। लेकिन बोर्ड ने इसका हिंट जरूर दिया। बीसीसीआई ने कहा, श्सभी एथलीट राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं करने पर घरेलू क्रिकेट में भागीदारी को प्राथमिकता दें। 17 दिसंबर को, जब ईशान किशन ने दक्षिण अफ्रीका दौरे से नाम वापस लिया था। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट से ब्रेक लिया था।

## न्यूज डायरी



### तीसरी बार शोएब अख्तर के घर गूंजी किलकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर और उनकी पत्नी रुबाब खान 1 मार्च को तीसरी बार माता–पिता बने। रुबाब खान ने शुक्रवार को एक बच्ची को जन्म दिया। शोएब और रुबाब खान को को पहले दो बेटे मोहम्मद मिकाइल अली और मोहम्मद मुजद्दिद अली हैं। दोनों 2014 में शादी के बंधन में बंधे थे और पहला बच्चा 2016 और दूसरा 2019 में हुआ था। रावलपिंडी एक्सप्रेस के नाम से मशहूर अख्तर ने अपनी नवजात बेटी नूरेह अली अख्तर की फोटो अपने सोशल मीडिया पर शेयर की है। अख्तर ने अपनी नवजात बेटी का नाम नूरेह अली अख्तर रखा है। सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर कहा कि अल्लाह ताला ने हमें एक बेटी का आशीर्वाद दिया है। शोएब ने लिखा, मिकाइल और मुजद्दिद की अब एक छोटी बहन है। अल्लाह ताला ने हमें एक बेटी का आशीर्वाद दिया है। नूरेह अली अख्तर का स्वागत है, जो जुम्मा की नमाज के दौरान 19 शाबान, 1445 हिजरी को 1 मार्च, 2024 पैदा हुई। आप सब की दुआओं का तलबगार। दिलचस्प बात यह है कि 1 मार्च को 2003 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान का सामना हुआ था। यह यादगार मुकाबला सेंचुरियन के सुपर स्पोर्ट पार्क में खेला गया था। भारत ने पहले ही सुपर सिक्स में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया था, जबकि पाकिस्तान को नॉकआउट चरण में आगे बढ़ने के लिए जीत की जरूरत थी।

### आयरलैंड ने इतिहास रचा, भारत–न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका को पीछे छोड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आयरलैंड ने 5 साल, 10 महीने और 20 दिन के बाद आखिरकार अबू धाबी के टॉलरेंस ओवल में अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराकर टेस्ट क्रिकेट में अपनी पहली जीत दर्ज की। जैसे ही लोर्कन टकर ने विजयी रन मारा, उनके खेमे में पहली बार रेड–बॉल क्रिकेट में जीत की खुशी छा गई। पहला टेस्ट मैच जीतने के साथ ही इतिहास रच दिया। इस जीत के साथ, आयरलैंड ने खेल के सबसे लंबे प्रारूप में पहली जीत दर्ज करने के लिए खेले गए मैचों की संख्या के मामले में भारत, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, बांग्लादेश, श्रीलंका और जिम्बाब्वे जैसी मजबूत टीमों को भी पीछे छोड़ दिया। इन सभी टीमों ने पहली बार कोई टेस्ट मैच जीतने के लिए आयरलैंड से अधिक मैच खेले। जहां तक टेस्ट मैच की बात है तो अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन मार्क अडायर की असाधारण गेंदबाजी ने उन्हें सिर्फ 155 रन पर समेट दिया। अडायर ने सिर्फ 39 रन देकर पांच विकेट लिए, जबकि इब्राहिम जादरान ने 53 रन बनाए, जबकि करीम जनत 41 रन बनाकर नाबाद रहे। जवाब में आयरलैंड ने अपनी पहली पारी में 263 रन बनाए और 108 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। अफगानिस्तान ने अपने दूसरी पारी में बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन फिर भी उनका कोई भी बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं बना सका। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने 55 रन बनाए।

### लखनऊ सुपरजायंट्स ने लांस क्लूजनर को सहायक कोच बनाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लखनऊ। लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) ने आईपीएल के आगामी सत्र के लिए दक्षिण अफ्रीका के पूर्व आलराउंडर लांस क्लूजनर को सहायक कोच के रूप में जोड़ा है। क्लूजनर लखनऊ की टीम में मुख्य कोच जस्टिन लेंगर और सहायक कोच एस. श्रीराम के साथ शामिल होंगे। आईपीएल में कोच के रूप में क्लूजनर का यह दूसरा कार्यकाल होगा। उन्होंने लीग के शुरुआती वर्षों में मुंबई इंडियंस में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान शान पोलाक के सहायक के रूप में काम किया था। क्लूजनर के नेतृत्व में गयाना अमेजान वॉरियर्स ने पिछले साल अपना पहला सीपीएल का खिताब जीता था। क्लूजनर आईपीएल में वेस्टइंडीज के नई पेस सनसनी शमार जोसेफ के साथ फिर से जुड़ेंगे। दोनों दिग्गजों ने सीपीएल में अमेजान वॉरियर्स में एक साथ काम किया है। इसके अलावा क्लूजनर अफगानिस्तान के मुख्य कोच और दक्षिण अफ्रीका एवं जिंबाब्वे के बल्लेबाजी कोच रह चुके हैं। उन्होंने भारतीय घरेलू सर्किट में त्रिपुरा के साथ भी काम किया है। दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी ने 1996 से 2004 तक अपने देश के लिए 49 टेस्ट और 171 वनडे मैच खेले हैं। लखनऊ की टीम आईपीएल में 24 मार्च को जयपुर में राजस्थान रायल्स के विरुद्ध अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

पेज थ्री देहरादून

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली रैली

**संवाददाता** देहरादून। जिला प्रशासन के अभियान के तहत शनिवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (युवक) देहरादून की ओर से क्षेत्र में रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य मनमोहन कुड़ियाल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अनुदेशक रविंद्र सोलंकी ने बताया कि मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से समस्त क्षेत्रवासियों से अपील की गई कि वह मतदान जरूर करें। इस दौरान स्वीप प्रभारी पूनम नौटियाल, चम्पा पांडेय, अनिता नेगी, आशा भंडारी, पवन कुमार, दीपक कुमार, अमित कुमार जोशी, आकाश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### सचिवालय बैडमिंटन क्लब ने चलाया सफाई अभियान

**संवाददाता** देहरादून। सचिवालय बैडमिंटन क्लब ने नगर निगम के सहयोग से शनिवार को परेड ग्राउंड में सफाई अभियान चलाया। क्लब के सदस्यों ने बहुद्देशीय क्रीड़ा भवन देहरादून के परिसर और ग्राउंड के चारों तरफ सफाई कार्य किया। इस दौरान प्लास्टिक, चिप्स के खाली पैकेट आदि एकत्रित कर निस्तारण के लिए भिजवाए गए। अभियान के दौरान करीब तीन ट्रॉली कूड़ा एकत्रित किया गया। क्लब के अध्यक्ष पन्ना लाल शुक्ल ने कहा कि समय समय क्लब द्वारा यह अभियान चलाया जाता है। सफाई अभियान में रोड रिपन वारियर, पहाड़ी पैडलर और शहीद रन आरगेनाईजिंग टीम ने सहयोग किया।

### स्कूल आफ ह्यूमैनिटीज ओवरआल चैंपियन

**संवाददाता** देहरादून। श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय (एसजीआरआरयू) की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता खेलोत्सव का रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ शनिवार को समापन हो गया। खेलोत्सव के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में जीत हासिल कर स्कूल आफ ह्यूमैनिटीज ओवरआल चैंपियन बना। इस अवसर पर कुलाधिपति श्रीमहंत देवेन्द्र दास सभी विजेताओं, छात्र–छात्राओं वआयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 5.57 लाख हड़पे

**संवाददाता** देहरादून। साइबर ठगों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर दून निवासी युवक से 5.57 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने उन्हें स्टॉक मार्केट में निवेश का झांसा दिया। पहले बाकायदा उन्हें ऑनलाइन क्लासेज दी गई। राजपुर थाना प्रभारी पीडी भट्ट ने बताया कि प्रमोद सिंह निवासी जाखन ने तहरीर दी कि उन्हें कुछ लोगों ने कॉल की थी। कॉल करने वालों ने बताया कि उनकी फर्म भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) में पंजीकृत है। उन्होंने बताया कि वो स्टॉक मार्केट में निवेश कर अच्छी कमाई कर सकते हैं।

# ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों के शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य: सीईओ

**निर्देश**

■ मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की स्टेट नोडल अधिकारियों के साथ बैठक



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने शनिवार को सचिवालय में सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए विभिन्न विभागों के स्टेट नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम ने सभी नोडल अधिकारियों को उनके विभाग से जुड़ी ड्यूटी को जिम्मेदारी के साथ पूरा करते हुए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि जिला और स्टेट कंट्रोल रूम को तत्काल एक्टिव करते हुए ड्राई रन शुरू कर दिया जाए। उन्होंने आबकारी विभाग व पुलिस विभाग को निर्देश दिए हैं प्रवर्तन कार्रवाई हेतु इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम पर नियमित रिपोर्ट अपलोड कर दी जाए, ESMS को लेकर लिए पुलिस कार्मिकों को थाना चौकी स्तर पर भी ट्रेन किया जाए इसके अलावा आबकारी विभाग के सर्किल इंस्पेक्टर्स को भी इस पोर्टल पर ऑनबोर्ड करते हुए लॉगइन आईडी तैयार कर दी जायें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आबकारी विभाग को जिला स्तर पर लिकर मॉनिटरिंग टीम स्क्वड का गठन कर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी स्टेट नोडल अधिकारियों से अपेक्षा की है कि संबंधित विभागों के मतदान ड्यूटी में शामिल समस्त कार्मिकों का शत–प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कर दिया जाए। उन्होंने विशेषकर मतदान ड्यूटी में तैनात समस्त कार्मिकों व समस्त वाहन चालकों का शत–प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अफसर परिवहन विभाग को चुनाव ड्यूटी में तैनात वाहन चालकों के शत प्रतिशत मतदान को लेकर विस्तृत प्लान तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग से मतदान कर्मियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने को लेकर विस्तृत निर्देश दिये हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी को निर्देश दिए की मतदान ड्यूटी में तैनात कार्मिक का प्राथमिक उपचार के लिए फर्स्ट एड किट समय से तैयार कर दी जाए। इसके अतिरिक्त आपातकाल परिस्थितियों के लिए एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था भी करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदण्डे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नमामि बंसल, श्री प्रताप शाह, सहायक निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास समेत विभिन्न विभागों के स्टेट नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से की मुलाकात

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को डाकरा बाजार गढ़ी कैंट क्षेत्र का स्थलीय भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से मुलाकात की तथा जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री आवास परिसर से होते हुए डाकरा बाजार गढ़ी कैंट क्षेत्र पहुंचे, मुख्यमंत्री ने उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन नि:शुल्क खाद्यान, आयुष्मान योजना आदि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से बातचीत की तथा उनकी कुशलक्षेम भी जानी। लोगों को किस योजना के तहत क्या–क्या लाभ मिला है, लाभार्थियों से मुख्यमंत्री ने इसकी भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने का हमारा प्रयास है। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री को अचानक अपने मध्य पाकर लाभार्थी अचंभित होने के साथ काफी खुश एवं उत्साहित नजर आए। स्थानीय लोगों ने उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिये पीएम व मुख्यमंत्री को आशीर्वाद के साथ धन्यवाद भी दिया ।

# नवाचार को धरातल पर उतारने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

**नियुक्ति–पत्र**

■ मुख्यमंत्री ने 27 डिप्टी जेलरों तथा 285 बंदी रक्षकों को वितरित किए नियुक्ति–पत्र



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास परिसर में कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग के अंतर्गत लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 27 डिप्टी जेलरों तथा 285 बंदी रक्षकों को नियुक्ति–पत्र वितरित किये। इस प्रकार आज कुल 312 अभ्यर्थियों को नियुक्ति–पत्र प्रदान किये गये।

मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं तथा बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन आप सभी के लिए काफी खुशी का दिन है, क्योंकि कड़ी मेहनत व परिश्रम के बाद आप इस मुकाम पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि आप पहले दिन से ही अपने लिए नियम निर्धारित कर लें कि आपको पद के अनुरूप जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका निर्वहन आप पूर्ण जिम्मेदारी से करेंगे। उन्होंने कहा कि नवाचार को धरातल पर उतारने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है, उसी के अनुरुप हम सबको पग–पग पर, जिसको भी जो भी जिम्मेदारी मिली है, उसको पूर्ण मनोयोग से पूरा करना सुनिश्चित करते हुए, अपनी –अपनी सहभागिता निभाते हुए, देश तथा राज्य को आगे बढ़ाएंगे।

इस अवसर पर सचिव गृह शैलेश बगोली, अपर सचिव गृह अतर सिंह, महानिदेशक कारागार सुश्री विमला गुंज्याल, उप महानिरीक्षक कारागार दधि राम, सहायक महानिरीक्षक कारागार यशवंत सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजभवन में रंग-बिरंगे फूलों की दुनिया देखने पहुंचे लोग

**संवाददाता** देहरादून। वसंतोत्सव के चलते राजभवन रंग–बिरंगे फूलों की खुशबू से महक रहा है। दूसरे दिन बड़ी संख्या में लोग प्रदर्शनी को देखने के लिए पहुंचे और फूलों की दुनिया के बीच समय बिताया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने आर्ट गैलरी और फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। तीन दिवसीय वसंतोत्सव के दूसरे दिन राजभवन में लोगों की भारी भीड़ लगी रही। खराब मौसम के बावजूद वसंतोत्सव में लोगों में खासा उत्साह दिखा। लोगों ने पुष्प प्रदर्शनी के अवलोकन करने के साथ ही विभिन्न स्टॉलों में लगे उत्पादों की जमकर खरीदारी की। फोटोग्राफर्स की ओर से प्राकृतिक चित्रों समेत जीव–जंतुओं और विभिन्न प्रकार के सुंदर फोटोग्राफ्स लगाए गए थे। इस मौके पर राज्यपाल की पत्नी गुरमीत कौर, सचिव विनोद कुमार, सुमन सहित उद्यान विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।